# राजस्थान में यूसीसी विधेयक पेश

## अब बहू को भी मिलेगी अनुकंपा नौकरी, बहूविवाह पर लगा बैन

**20** से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में रखेगी बिल को सरकार

**60** दिनों के भीतर विवाह का पंजीकरण अनिवार्य होगा

**जयपुर, 13 अगस्त मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कर्मचारी कल्याण, रोजगार, पदोन्नति, दिव्यांग अधिकार, पर्यावरण संरक्षण और समान नागरिक संहिता से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए.**

कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, पीडब्ल्यूडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी और मंत्री के के विश्नोई ने दी.

कैबिनेट में खास कर यूसीसी बिल को मंजूरी दी गई. इस बिल को सरकार 20 अगस्त से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में रखेगी. बिल को कैबिनेट की मंजूरी : कैबिनेट बैठक का सबसे बड़ा निर्णय राजस्थान समान नागरिक संहिता विधेयक को मंजूरी देना रहा. जोगाराम पटेल ने बताया कि यह संविधान के अनुच्छेद 44 की भावना के अनुरूप है और इसका उद्देश्य विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और भरण-पोषण जैसे नागरिक मामलों में समान एवं पारदर्शी नियम लागू करना है.



यूसीसी के प्रावधान अनुसूचित जनजातियों के मान्यता प्राप्त प्रचलित रीति-रिवाजों पर लागू नहीं होंगे. इसके लिए गठित हाई पावर कमेटी की सिफारिशों और अन्य राज्यों के प्रावधानों का अध्ययन किया गया है. विधेयक में सभी धर्मों और समुदायों को अपनी परंपराओं और धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह करने की स्वतंत्रता रहेगी, लेकिन कानून लागू होने के बाद होने वाले विवाह का 60 दिनों के भीतर पंजीकरण अनिवार्य होगा. पंजीकरण नहीं कराने पर पहले 10 हजार रुपए तक और लगातार अनदेखी पर 25 हजार रुपए तक जुर्माने का प्रावधान बताया गया है. विवाह या तलाक के पंजीकरण आवेदन पर 15 दिनों में निर्णय का प्रावधान है. आवेदन खारिज होने पर 30 दिनों के भीतर अपील की जा सकेगी और अपीलीय स्तर पर 60 दिनों में निस्तारण का प्रावधान है.

**सोरेगेसी मदर के लिए छुट्टियों के प्रावधान को भी मंजूरी**

राजस्थान में अब मृत कर्मचारी की पुत्र या पुत्री ही नहीं बल्कि उसकी पुत्रवधू को भी अनुकंपा नौकरी मिल सकेगी. यह फैसला आज जयपुर में हुई भजनलाल सरकार की कैबिनेट बैठक में लिया गया है. विधानसभा सत्र से पहले आयोजित हुई भजनलाल कैबिनेट की बैठक में कई बड़े और अहम मुद्दों पर मुहर लगाई गई है. बैठक में यूसीसी के बिल का भी अनुमोदन कर दिया गया है. इनके अलावा राजपत्रित अधिकारी के दो वर्ष में त्याग पत्र पर कोई वसूली नहीं करने और सोरेगेसी मदर के लिए छुट्टियों के प्रावधान को भी मंजूरी दे दी गई है.

# यूपी सरकार महिलाओं को देगी 50 हजार

- चुनाव से पहले पहली किस्त 20 हजार देने की तैयारी
- स्वरोजगार के लिए आर्थिक मदद का प्रस्ताव



**लखनऊ, 13 अगस्त.उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले योगी आदित्यनाथ सरकार महिलाओं के लिए बड़ी आर्थिक सहायता योजना लाने की तैयारी कर रही है. सरकार के स्तर पर विचाराधीन प्रस्ताव के मुताबिक पात्र महिलाओं को कुल 50 हजार रुपये तक की आर्थिक मदद देने की योजना बताई जा रही है.**

प्रस्ताव के अनुसार चुनाव से पहले 20 हजार रुपये की पहली किस्त सीधे महिलाओं के बैंक खातों में भेजी जा सकती है. इसके बाद शेष 30 हजार रुपये तीन किस्तों में 10-10 हजार रुपये के रूप में देने की बात सामने आई है. हालांकि अभी इस प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी नहीं मिली है. प्रस्तावित योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करना है. सरकार के स्तर पर यह तर्क दिया जा रहा है कि आर्थिक सहायता से महिलाएं छोटा कारोबार शुरू कर सकती हैं, स्वरोजगार खड़ा कर सकती हैं या अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हो सकती हैं.

**महिला मतदाता चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं**

योजना में पात्रता और लाभार्थियों के चयन से जुड़े नियमों पर भी आगे फैसला होने की उम्मीद है. उत्तर प्रदेश में महिला मतदाता किसी भी चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. ऐसे में चुनाव से पहले महिलाओं के लिए सीधे आर्थिक सहायता की योजना सामने आने से इसके राजनीतिक असर को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है.

# 77 साल के डॉक्टर ने दान कर दी 100 करोड़ की संपत्ति

**हमीरपुर, 13 अगस्त जिंदगी में सब कुछ हासिल कर लिया. अब कोई तमन्ना नहीं है. आगे पीछे भी परिवार में अब कोई नहीं हैं. 77 साल के डॉक्टर राजेंद्र तंवर ने अब ऐसा फैसला किया है, जिसकी हर तरफ तारीफ हो रही है.**

मामला हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले का है, जहां पर नादौन के जोलसप्पड़ के रहने वाले 77 वर्षीय प्रसिद्ध डॉक्टर राजेंद्र कंवर ने अपनी 100 करोड़ रुपये की संपति सरकार को दान कर दी. 77 वर्षीय प्रसिद्ध डॉक्टर राजेंद्र कंवर अपनी और अपनी दिवंगत पत्नी कृष्णा कंवर की ओर से अर्जित करीब 100 करोड़ रुपये की संपत्ति सरकार को गिफ्ट कर दी. दरअसल, वर्ष 2021 में डॉ. कंवर ने अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति वसीयत सरकार के नाम की थी, जबकि अब 5 अगस्त 2026 को उन्होंने अपने जीवनकाल में ही स्वेच्छा और होशोहवास में गिफ्ट डीड कर संपत्ति सरकार के हवाले कर दी. गिफ्ट डीड के बाद संबंधित भूमि का इंतकाल भी प्रदेश सरकार यानी डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के नाम दर्ज हो चुका है.

# वेकोलि में गूंजा देशभक्ति का जज्बा, निकली तिरंगा रैली

**नागपुर, 13 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) मुख्यालय, नागपुर द्वारा आज भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति के उत्साह से ओतप्रोत इस रैली में वेकोलि मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ सहभागिता की.**



कार्यक्रम की शुरुआत वेकोलि मुख्यालय परिसर में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के एकत्रित होने तथा सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' के गायन के साथ हुई इस अवसर पर वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया.

उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम की गाथा तथा स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की एकता, गौरव, त्याग और राष्ट्रीय आकांक्षाओं का प्रतीक है डॉ. पांडे ने सभी से 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया.

# ऑनलाइन गेमिंग में नुकसान से तीन दोस्तों ने खाया जहर

**चंडीगढ़, 13 अगस्त. गढ़ पधाना गांव में तीन दोस्तों द्वारा जहरीला पदार्थ खाने के मामले में दो की मौत हो गई, जबकि तीसरे की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है. मृतकों की पहचान 21 वर्षीय दिलप्रीत सिंह और 15 वर्षीय परमजीत सिंह के रूप में हुई है. वहीं 15 वर्षीय मनिंदर सिंह का इलाज चल रहा है. घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि तीनों ने यह कदम क्यों उठाया.**

दिलप्रीत सिंह को ऑनलाइन गेमिंग में नुकसान हुआ था. इसके बाद उसके दो दोस्तों परमजीत सिंह और मनिंदर सिंह ने भी उसके साथ जहरीला पदार्थ खा लिया. परमजीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दिलप्रीत सिंह ने गंभीर हालत में उपचार के दौरान देर रात दम तोड़ दिया. मनिंदर सिंह की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है. हालांकि पुलिस अभी इस बात की पुष्टि नहीं कर रही है कि तीनों युवकों के जहरीला पदार्थ खाने के पीछे ऑनलाइन गेमिंग ही वजह थी.

# सभी पायलटों के लिए डोप टेस्ट अनिवार्य

## डीजीसीए ने एयर इंडिया को दिए सख्त आदेश

**नई दिल्ली, 13 अगस्त. आसमान में उड़ान भरने वाले पायलटों के लिए नशे से जुड़ी किसी भी लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं होती.**

हाल ही में एअर इंडिया की फुकेत-दिल्ली उड़ान एआई-2379 के पायलट के डोप टेस्ट में मारिजुआना यानी गांजा पॉजिटिव पाए जाने के बाद विमानन सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं. इस घटना के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के पायलटों से जुड़े सख्त नियम एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं. डीजीसीए के नियमों के अनुसार,





कोई भी पायलट ऐसे किसी पदार्थ के प्रभाव में उड़ान नहीं भर सकता, जिससे उसकी सोचने-समझने की क्षमता, तुरंत फैसला लेने की योग्यता या विमान को नियंत्रित करने की क्षमता प्रभावित हो. पायलट की जिम्मेदारी सीधे सैकड़ों यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ी होती है, इसलिए शराब, गांजा, कोकीन, अफीम और अन्य प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन को लेकर विमानन क्षेत्र में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाती है.

नियमों के तहत यदि किसी पायलट का डोप टेस्ट पॉजिटिव आता है या वह जांच कराने से इनकार करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है. प्रारंभिक जांच में किसी प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी पाए जाने पर पायलट को तत्काल उड़ान ड्यूटी से हटा दिया जाता है. इसके बाद नमूने को पुष्टि के लिए अधिकृत प्रयोगशाला भेजा जाता है.

# आरजी कर केस में निर्मल घोष गिरफ्तार

**भुबनेश्वर, 13 अगस्त कोलकाता के चर्चित अभया केस में कानून का शिकंजा कसता जा रहा है. पनिहाटी के पूर्व तृणमूल कांग्रेस विधायक निर्मल घोष को ओडिशा से गिरफ्तार किया गया है.**

अभया के पिता ने हाल ही में जो शिकायत दर्ज कराई थी, उसमें निर्मल घोष का नाम मुख्य रूप से सामने आया था. पनिहाटी के पूर्व विधायक निर्मल घोष को ओडिशा से गिरफ्तार किया गया है. अभया केस में उनका नाम सामने आने के बाद पुलिस की कार्रवाई तेज हुई थी. मामला सिर्फ गिरफ्तारी तक सीमित



नहीं है. जांच का केंद्र अब उन घटनाओं पर भी है, जो अभया की मौत के बाद अंतिम संस्कार के दौरान हुई थीं. पुलिस अब आरोपों और उससे जुड़े लोगों की भूमिका की जांच कर रही है. अभया के पिता ने सोमवार को खरदह थाने में लिखित शिकायत दी थी. इसके बाद पुलिस ने नई एफआईआर दर्ज की.

# राघव चड्ढा को लेकर केजरीवाल का खुलासा

**नई दिल्ली, 13 अगस्त आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में अपनी निजी जिंदगी से जुड़े कई दिलचस्प किस्से साझा किए उन्होंने अपनी पढ़ाई, इंजीनियरिंग कॉलेज के अनुभव, प्यार और राजनीति से जुड़े मुद्दों पर खुलकर बातचीत की इस दौरान उन्होंने आप नेता राघव चड्ढा को लेकर भी अपनी भावनाएं जाहिर कीं और कहा कि उन्हें अंदाजा नहीं था कि राघव चड्ढा उन्हें छोड़कर चले जाएंगे.**

## राघव के जाने का अंदाजा नहीं था : केजरीवाल



केजरीवाल ने बताया कि जब वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान घर गए तो उनके दादा जी ने पूछा कि वह किस विषय की पढ़ाई कर रहे हैं जब उन्होंने बताया कि वह मैकेनिकल इंजीनियरिंग कर रहे हैं, तो दादा जी ने कहा कि घर का पंखा खराब है, उसे ठीक कर दो इस बात पर उन्हें हंसी आ गई थी. आप संयोजक ने उस समय के माहौल को याद करते हुए कहा कि जिस तरह आज एआई को लेकर लोगों में चर्चा और आशंकाएं हैं, उसी तरह उनके कॉलेज के समय कंप्यूटर को लेकर लोगों में डर था.

केजरीवाल ने बताया कि राजनीति में आने से पहले उनका सफर एक सामान्य छात्र की तरह शुरू हुआ था इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान उन्हें भी रैगिंग का सामना करना पड़ा था उन्होंने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए बताया कि उस दौर में छात्रों के बीच कई तरह के अनुभव होते थे, जो आगे चलकर जीवन की सीख बन जाते हैं उन्होंने अपने परिवार से जुड़ा एक मजेदार किस्सा भी सुनाया.

**एक नजर में**

### मायावती ने एक और बड़े नेता को पार्टी से निकला

**लखनऊ, 13 अगस्त.** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संगठन के भीतर एक और बड़ा फैसला लिया है बसपा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रह चुके अनंत कुमार मिश्रा उर्फ अंटू मिश्रा को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि अंटू मिश्रा को उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियों आदि के चलते संगठन से बाहर किया गया है .

### बांग्लादेश में ऊर्जा संकट गहराया

**ढाका, 13 अगस्त.** बांग्लादेश में गहराते ऊर्जा संकट के बीच सरकार ने बिजली खपत कम करने के लिए बड़ा फैसला लिया है देशभर के मॉल, बाजार और दुकानों को अब रात 8 बजे तक ही संचालित करने का आदेश दिया गया है नए नियमों के तहत व्यापारिक प्रतिष्ठान सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक ही खुले रह सकेंगे इसके अलावा शाम 7 बजे के बाद रोशन बिलबोर्ड और सजावटी लाइटों को बंद करना होगा यह फैसला ऐसे समय आया है जब बांग्लादेश बिजली उत्पादन के लिए जरूरी ईंधन और गैस की कमी से जूझ रहा है कई क्षेत्रों में बिजली कटौती की समस्या बढ़ गई है.

### अभिजीत दीपके को लोगों ने पार्क से भगाया

**नई दिल्ली, 13 अगस्त.** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके को दिल्ली के एक रेजिडेंट सोसाइटी के पार्क से उलटे पांव भागना पड़ा दीपके अपनी टीम के मेंबर सौरभ दास, आशुतोष रंका और कुछ समर्थकों के साथ जंतर-मंतर सीजन 2 का प्लान बनाने आए थे सोसाइटी के लोगों को जब इसकी भनक लगी तो वे वहां पहुंच गए और पार्क से सभी को भगा दिया लोगों का कहना था कि यह सोसाइटी का पार्क है कोई धरना या प्रदर्शन की जगह नहीं यहां यह नौटंकी नहीं चलेगी.

**हस्तियों के ट्वीट**



डॉ. संबित पात्रा ने एक्स पर लिखा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत आज अपने आवास पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति हमारे साझा संकल्प और स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों का स्मरण किया. आइए, अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और इस गौरवपूर्ण अभियान में सहभागी बनें.

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने एक्स पर लिखा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत आज अपने आवास पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति हमारे साझा संकल्प और स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों का स्मरण किया. आइए, अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और इस गौरवपूर्ण अभियान में सहभागी बनें.



# विश्व हाथी दिवस पर वनतारा की पहल

## देश-विदेश तक बढ़ाया संरक्षण अभियान

**जामनगर, 13 अगस्त। विश्व हाथी दिवस के मौके पर अनंत अंबानी द्वारा स्थापित वनतारा ने हाथियों के संरक्षण और कल्याण से जुड़ी अपनी पहलों का विस्तार साझा किया है। हाथियों के बचाव, उपचार और पुनर्वास से शुरू हुई यह पहल अब महावतों के प्रशिक्षण, संरक्षण संबंधी ज्ञान के आदान-प्रदान, मानव-हाथी संघर्ष कम करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संरक्षण सहयोग तक पहुंच चुकी है। वनतारा के अनुसार, वर्तमान में उसके संरक्षण केंद्र में 260 से अधिक एशियाई हाथियों की देखभाल की जा रही है.**

वनतारा की संरक्षण यात्रा गौरी नाम की हथिनी के बचाव से



राजस्थान सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा ने वनतारा के साथ सहयोग की घोषणा की है। इसके तहत आधुनिक हाथी उपचार एवं देखभाल केंद्र विकसित किया जाएगा। इसमें अस्पताल, पोषण केंद्र और जल-चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध होगी। बुजुर्ग हाथियों के लिए अलग से सेवानिवृत्ति एवं देखभाल केंद्र भी बनाया जाएगा.

शुरू हुई थी। इसके बाद हाथियों के लिए बेहतर उपचार, पोषण और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अभियान को लगातार विस्तार दिया गया.

वनतारा के संस्थापक अनंत अंबानी ने कहा कि हाथियों का उनके दिल और वनतारा की यात्रा में विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक हाथी की अपनी कहानी है और हर बचाव उनके प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराता है। विश्व हाथी दिवस के अवसर पर राजस्थान के हाथी गांव, जयपुर में भी हाथियों के लिए नई सुविधाएं विकसित करने की पहल की गई है.

**आज का इतिहास**

1862 : बंबई उच्च न्यायालय की स्थापना की गयी
1900 : पूर्व केंद्रीय मंत्री एस. के. पाटिल का जन्म
1917 : चीन ने जर्मनी और ऑस्ट्रिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की
1920 : प्रथम विश्व युद्ध के बाद बेल्जियम के एंटवर्प में ओलंपिक खेलों की शुरुआत
1924 : प्रसिद्ध लेखक और पत्रकार कुलदीप नैयर का जन्म
1947 : भारत का विभाजन और पाकिस्तान का गठन
1968 : मोरारजी देसाई को पाकिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिला
1968 : पूर्व भारतीय क्रिकेटर प्रवीण आमरे का जन्म



# झारखण्ड छात्र आंदोलन पर पुलिस का एक्शन

- रघुवर दास की भूख हड़ताल की चेतावनी
- 600 प्रदर्शनकारियों पर एफआईआर

**रांची, 13 अगस्त झारखंड में भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर जारी छात्र आंदोलन अब टकराव की स्थिति में पहुंच गया है रांची में विधानसभा घेराव के दौरान हुए उपद्रव, बैरिकेडिंग तोड़ने और पुलिस के साथ हुई झड़प के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है.**

पुलिस ने 500 अज्ञात अभ्यर्थियों समेत कुल 600 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है प्रदर्शनकारी छात्र पिछले 20 दिनों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं उनका आरोप है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी हुई है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए सोमवार को विधानसभा घेराव के दौरान स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी पुलिस के अनुसार प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग पार करने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस और आंदोलनकारियों के बीच झड़प हुई.

एफआईआर दर्ज होने के बाद छात्र संगठनों और राजनीतिक दलों ने सरकार पर निशाना साधना शुरू कर दिया है वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.


अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई की गई है इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी इस मुद्दे पर सरकार को घेरा है उन्होंने भर्ती परीक्षाओं में कथित धांधली की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है रघुवर दास ने कहा कि अगर सरकार सीबीआई जांच के लिए तैयार नहीं होती है तो वह खुद भूख हड़ताल पर बैठेंगे भाजपा ने छात्रों की मांगों का समर्थन करते हुए सरकार से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है वहीं सत्तारूढ़ दल का कहना है कि पूरे मामले में नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी.

**पुस्तक भेंट** | **होसबाले ने राम जोइस की कृतियों से की 'नवभारत' की तुलना**

# संघ शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचा 'नवभारत का न्याय दर्शन'

**नई दिल्ली, 13 अगस्त भारतीय न्याय परंपरा और देश में हुए विधिक सुधारों को केंद्र में रखकर लिखी गई पुस्तक 'नवभारत का न्याय दर्शन' अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शीर्ष नेतृत्व के बीच चर्चा का विषय बनी है.**

झंडेवालान स्थित संघ के केंद्रीय कार्यालय में पुस्तक के लेखक एवं दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सुमित कुमार मिश्र ने सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले और सह सरकार्यवाह अरुण कुमार से मुलाकात की इस दौरान उन्होंने दोनों पदाधिकारियों को अपनी पुस्तक भेंट की. मुलाकात में



भारतीय न्याय की मूल अवधारणा, दंड व्यवस्था की भूमिका को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ इस अवसर पर आरोग्य भारती के केंद्रीय कार्यालय मंत्री मिहिर कुमार झा भी मौजूद रहे. पुस्तक की विषय-वस्तु पर चर्चा के दौरान दत्तात्रेय होसबाले ने इसे न्यायमूर्ति एम. राम जोइस की महत्वपूर्ण कृतियों से जोड़कर देखा उन्होंने 'भारत का विधिक और संवैधानिक इतिहास' तथा 'प्राचीन भारतीय न्यायशास्त्र में आधुनिक लोक विधि के बीज' जैसी कृतियों का संदर्भ देते हुए भारतीय न्याय और संवैधानिक परंपरा को समझने के लिए गंभीर अध्ययन की आवश्यकता पर जोर दिया.

सुमित कुमार मिश्र के प्रयास की सराहना भी की सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने न्याय की भारतीय अवधारणा को व्यापक संदर्भ में देखने की आवश्यकता बताई उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में न्याय को केवल कानून, अदालत और दंड की व्यवस्था तक सीमित नहीं माना गया इसमें कर्तव्य, नैतिकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और लोककल्याण जैसे पक्ष भी महत्वपूर्ण रहे हैं उन्होंने कहा कि वर्तमान विधिक व्यवस्था को भारतीय दृष्टि और सामाजिक संदर्भों से जोड़कर देखना समय की आवश्यकता है.